Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 24-08-2006

Participants : Jha Shri Raghunath

an>

Title : Need to complete all the pending power projects within fixed time frame in Bihar.

श्री रघुनाथ झा (बेतिया) : महोदय, मैं शून्यकाल में अति महत्व वाय़ की ओर माननीय विद्युत मंत्री, भारत सरकार का ध्यान आकृट करना चाहता हूं।

भारत सरकार के उपक्रम एनटीपीसी ने कहलगांव पावर परियोजना के विस्तार को मंजूरी दी तथा पटना जिला के बाढ़ में 2000 मेगावाट की पावर परियोजना मंजूर है। मुजफ्फरपुर के कांटी थर्मल पावर प्लांट और बरौनी थर्मल पावर प्लांट के विस्तार की स्वीकृति भी प्राप्त है। केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण ने अनेक र्वा पहले निर्णय किया था कि मुजफ्फरपुर थर्मल पावर प्लांट एवं बरौनी थर्म्ला पावर प्लांट में 2x 250 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता वाला प्लांट लगाने की स्वीकृति दी जा चुकी है। परन्तु न जाने क्यों बिहार के साथ इस तरह का भेदभाव किया जा रहा है। नवीनगर में 500 मेगावाट क्षमता वाली प्रस्तावित परियोजना की दिशा में भी कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए हैं।

यदि उपरोक्व सभी योजनाओं को अमल में लाया जाए एवं समय सीमा के अंदर पूरा किया जाए तो बिहार में 10,000 मेगावाट विद्युत उत्पादन की क्षमता हो सकती है और इसका चौमुखी विकास हो सकता है। इसके अलावा मौजूदा ट्रांसमिशन एवं ि वतरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण एवं नए ट्रांसमिशन व वितरण नेटवर्क स्थापित करके ग्रामीण विद्युतीकरण क्षेत्र में ध्वस्त वितरण प्र णाली को ठीक किया जा सकता है।